**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 04 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विमानन ईंधन की कीमतों को स्थिर रखने के लिए तेल विपणन कंपनियों को दस हजार करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता देने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय विमानन कंपनियों की सहायता के लिए यह आत्मनिर्भर कोष छत्तीस महीने के लिए लागू रहेगा।

एटीएफ प्राइस स्टेबलाइज़ेशन फंड' में एक सेल्फ सस्टेनिंग रिवॉलविंग फंड बनाया गया है। एटीएफ प्राइज फोर दी एयरलाइन कैरियर हू वॉन टू पार्टिशिपेट इन दिस। उनको एक स्टेबल एटीएफ प्राइस अभी करंट क्राइसेस के दौरान मिलेगा। इससे हमारे एनटायर एविएशन सेक्टर में करीब सत्तर लाख से अधिक जो जॉब्स हैं, जिनके ऊपर इम्पैक्ट पडना आरंभ होने लगा था। बिकॉज दी स्ट्रेस इन दी सेक्टर। वो इससे सिग्निफिकेंट, मिटीग्रेट होगा।

मंत्रिमंडल ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पुराने ट्रकों और बसों को नए वाहनों से बदलने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड को सहायता प्रदान करने की योजना को भी मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि योजना के अंतर्गत लगभग दो लाख ट्रक और 16 हजार बसें बीएस-6 या इलेक्ट्रिक वाहनों से बदली जाएंगी।

**********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मोरनी की ग्राम पंचायत टिक्कर हिल्स में लो-वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए बिजली ट्रांसफार्मर लगाने में हुई देरी का कड़ा संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग को संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारी के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई करने को कहा है।।

मुख्यमंत्री ने कल मोरनी में जनसमस्याएं सुनते समय यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं, कुदाना पंचायत के गांव बाबड़वाली में गली निर्माण कार्य में अनियमितताओं की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए मामले की जांच कराने के निर्देश दिए।
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि उनके पास आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत को धैर्यपूर्वक सुना जाए और प्राथमिकता के आधार पर उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अनावश्यक देरी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
समलोठा से जियाघाट वाया कुडाना घाट तथा भयाल-दुंदल सड़क के निर्माण कार्य में हो रही देरी की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस परियोजना के लिए शिवालिक विकास बोर्ड से लगभग 2 करोड़ 36 लाख रुपये की राशि उपलब्ध करवाने को कहा।

*********************************************************************

हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनूठी लोक परंपराओं और प्राचीन हस्तशिल्प को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग ने एक सराहनीय पहल की है। विभाग के सांझी संरक्षण अभियान के तहत जींद के ऐतिहासिक गांव पांडु-पिंडारा स्थित पांचाल धर्मशाला में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। प्रसिद्ध सांझी कलाकार गौतम सत्यराज ने बताया कि इस विशेष कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आधुनिकता और शहरीकरण की चकाचौंध में विलुप्त हो रही सांझी कला को पुनर्जीवित करना और युवा पीढ़ी को उनकी सांस्कृतिक जड़ों से रूबरू कराना है।

यह कार्यशाला न केवल सांस्कृतिक जागरुकता बढ़ा रही है, बल्कि परंपराओं को अगली पीढ़ी तक सौंपने का एक मजबूत पुल बन रही है।

*********************************************************************

पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश  चंडीगढ़ के प्रशासक  गुलाब चंद कटारिया ने कल चंडीगढ़ में एथलेटिक्स ट्रैक  खेल परिसर स्पोर का दौरा कर अगले वर्ष  मई  में  आयोजित होने वाली एशियाई  रिले एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियों का जायजा लिया।
श्री कटारिया ने प्रस्तावित  आधारभूत संरचना उन्नयन योजनाओं की समीक्षा भी की। इस अवसर पर  चंडीगढ़ के मुख्य सचिव  एच. राजेश प्रसाद तथा  राज्यपाल के अतिरिक्त मुख्य सचिव  विवेक प्रताप सिंह  उपस्थित रहे।
दौरे के दौरान प्रशासक ने खेल परिसर  में उपलब्ध वर्तमान सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप के सफल आयोजन हेतु चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने बड़ी संख्या में दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल

दिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि दर्शक दीर्घा के ऊपर मजबूत एवं टिकाऊ शेड्स का निर्माण किया जाए।

प्रशासक ने खिलाड़ियों, अधिकारियों, दर्शकों तथा एशिया के विभिन्न देशों से आने वाले आगंतुकों के लिए सुगम प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, स्वच्छता सुविधाएं, खिलाड़ियों के अनुकूल आधारभूत संरचना तथा अन्य आवश्यक जनसुविधाओं के विकास के महत्व पर भी विशेष जोर दिया।

*********************************************************************